भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4008

(17 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़क संपर्क रहित गांव

4008. श्री कालिपद सरेन खेरवाल:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत 521 गांवों को नहीं जोड़ा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) उन तीन राज्यों के नाम क्या हैं जिनमें सबसे ज़्यादा गांव हैं, जो अभी तक इस योजना के अंतर्गत नहीं जुड़े हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क) और (ख) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत संपर्कता की इकाई एक बसावट है, न कि राजस्व गांव। पीएमजीएसवाई-I के तहत 12.03.2026 की स्थिति के अनुसार, देश भर में कुल 1,63,288 बसावटों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 1,62,774 (99.7%) बसावटों को बारहमासी सड़क संपर्कता प्रदान की गई है। पीएमजीएसवाई-I के कार्यों को पूरा करने की समय सीमा 31.03.2027 तक बढ़ा दी गई है। बसावटों की संपर्कता का राज्य-वार विवरण कार्यक्रम की वेबसाइट https://pmgsy.dord.gov.in **>**Progress Monitoring **>** Habitations Coverage Report पर देखा जा सकता हैं।

****